बरेली, सोमवार
4 दिसंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO, 06, BOTTOM

रिद्धिमा में युद्धोपरांत नाटक का भावपूर्ण मंचन

BAREILLY (3 Dec): एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक युद्धोपरांत का भावपूर्ण मंचन किया गया. देहरादून के एकलव्य थिएटर की ओर से प्रस्तुत साहित्यकार डॉ. धर्मवीर भारती द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन अखिलेश नारायण ने किया. नाटक का कथानक महाभारत के 18 दिन बाद का है, जिसमें युद्ध के बाद की घटनाओं को मार्मिक ढंग से दर्शाया गया. नाटक की कथावस्तु उन आंखों वाले अंधों की है, जो परिणाम जानकर भी पुत्र मोह के कारण अंधे बने रहे. नाटक का मुख्य पात्र अश्वत्थामा है, जो अपने पिता गुरु द्रोणाचार्य की अधर्मयुक्त हत्या एवं दुर्योधन के प्रतिशोध की आग में झुलस रहा है. वह इससे क्षुब्ध होकर पशु की तरह व्यवहार करता है, वह वृद्ध याचक का वध करता है और संजय की हत्या की कोशिश भी करता है, पर कृपाचार्य उसे ऐसा न करने के लिए समझाते हैं.